


## दो बांग्लादेशी बल्लेबाज हो चुके हैं रिटायर्ड हर्ट

कोलकाता में पहली पारी में भी भारतीय पेसर्स के सामने बांग्लादेशी टीम लाचार नजर आई थी। टीम के दो बल्लेबाजों को मैदान के बाहर जाना पड़ा था। लिटन दास और नईम हसन को मैदान से बाहर जाना पड़ा था। उनके स्थान पर बांग्लादेश ने दो कन्कशन प्लेयर्स– ताइजुल इस्लाम और मेहदी हसन मिराज को बुलाया गया था।

## मिथुन को लगी ईशांत की बाउंसर, टीम इंडिया ने पूछा हाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कोलकाता। कोलकाता के ईडन गार्डंस मैदान पर खेले जा रहे डे–नाइट टेस्ट मैच में भारतीय पेसर्स का हमला जारी है। बांग्लादेश के बल्लेबाज पहली पारी में भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण के सामने लचर नजर आए और दूसरी पारी में भी वे लड़खड़ाते हुए नजर आ रहे हैं। मैच के दूसरे दिन ईशांत शर्मा की एक बाउंसर मोहम्मद मिथुन के हेलमेट पर जा लगी। गौरतलब है कि पहली पारी में भी उनके दो बल्लेबाजों को बाउंसर सिर पर लगने के बाद मैदान से बाहर जाना पड़ा था। और जब दूसरी पारी में गेंद मिथुन को लगी तो बांग्लादेशी खेमे में परेशानी बढ़ गई। दूसरी पारी में ईशांत की बाउंसर से हटने की मिथुन की कोशिश नाकाम रही। वह बाउंसर की लाइन से हट नहीं पाए और गेंद कान के ऊपर हेलमेट पर जा लगी। भारतीय खिलाड़ी तुरंत उनका हाल जानने पहुंचे। इसके बाद अंपायर ने प्रोटोकॉल का पालन करते हुए बांग्लादेशी टीम के फिजियोथेरेपिस्ट को मैदान पर बुलाने का फैसला किया।

# भारत की पहली पारी में विराट कोहली ने ठोका शतक

क्रिकेट

पिंक बॉल से सेंचुरी लगाने वाले पहले भारतीय बने विराट कोहली

## बांग्लादेश का पांचवा विकेट गिरा, भारत जीत से 5 विकेट दूर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

कोलकाता। कोलकाता के ईडन गार्डेंस पर भारत और बांग्लादेश के बीच पहला डे–नाइट टेस्ट मैच खेला जा रहा है। इस टेस्ट मैच में बांग्लादेश ने पहली पारी में 106 रन बनाए और इसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी 9 विकेट पर 347 रन बनाकर घोषित कर दी। पहली पारी के आधार पर भारत को 241 रन की बढ़त मिली। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कोलकाता के कंडीशन को देखते हुए ये फैसला किया जहां शाम के वक्त पिंक बॉल पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है। खबर लिखे जाने तक बांग्लादेश ने 5 विकेट के नुकसान पर 133 रन बना लिए हैं। दूसरी पारी में बांग्लादेश की शुरुआत काफी खराब रही और टीम के ओपनर बल्लेबाज शादमान इस्लाम बिना खाता खोले ही शून्य पर पवेलियन लौट गए। इशांत ने उन्हें स्ट्रं आउट किया। इशांत शर्मा का कहर दूसरी पारी में भी जारी रहा और उन्होंने टीम का दूसरा विकेट भी झटका। इशांत ने मोमिनुल हक को बिना खाता खोले ही साहा के हाथों कैच करवाकर पलेलियन का रास्ता दिखा दिया। बांग्लादेश को तीसरा झटका उमेश यादव ने दिया। उमेश ने मो. मिथुन को 6 रन के स्कोर पर शमी के हाथों कैच आउट करवा दिया।



पहले दिन के खेल के बाद जब विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे क्रीज पर उतरे तब भारत का स्कोर 174 रन पर तीन विकेट था, लेकिन उन्होंने अगले कुछ ओवरों में शानदार बल्लेबाजी की और टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया। इसके बाद उपकप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपना अर्धशतक पूरा किया। अजिंक्य रहाणे के रूप में भारत को चौथा झटका लगा। रहाणे 69 गेंदों में 7 चौकों की मदद से 51 रन बनाकर तइजुल इस्लाम की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद कप्तान विराट कोहली ने 159 गेंदों पर अपना 27वां टेस्ट शतक पूरा किया, जिसमें 12 चौके शामिल थे। लंच के बाद दूसरी ही गेंद पर रवींद्र जडेजा 12 रन बनाकर अबु जाएद की गेंद पर बोल्ड हो गए। दूसरे दिन लंच खत्म होने के कुछ ही देर बाद नए गेंद से विराट कोहली भी अपना विकेट गंवा बैठे। विराट कोहली 194 गेंदों में 136 रन बनाकर इबादत हुसैन की गेंद पर तइजुल के हाथों कैच आउट हो गए।

## न्यूज डायरी



### ओलिंपिक से पहले लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए फिटनेस जरूरीः मारिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। भारतीय महिला हॉकी टीम के मुख्य कोच शोर्ड मारिन ने शनिवार को कहा कि तोक्यो ओलिंपिक से पहले लगातार अच्छे प्रदर्शन के लिए फिटनेस भारतीय टीम की सफलता की कुंजी होगी। तोक्यो ओलिंपिक के लिए क्वॉलिफाइ कर चुकी भारतीय हॉकी टीम अगले साल जनवरी में न्यू जीलैंड का दौरा करेगी। मारिन ने कहा, हमने अगले सात महीने के लिए रणनीति बनाई है। हमें प्रदर्शन में सुधार करना होगा और उस स्तर तक पहुंचना होगा, जो हम ओलिंपिक में चाहते हैं। उन्होंने कहा, हमें ओलिंपिक से पहले कुछ बहुत अच्छी टीमों से खेलना है। हम लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, श्हमने साइ बेंगलुरु में बेस रखने का फैसला किया है क्योंकि यह हमारे लिए बिल्कुल घर जैसा हो गया है। अभ्यास का माहौल और यहां उपलब्ध सहयोगी व्यवस्था काफी मायने रखती है। इस सप्ताह हुई समीक्षा बैठक के बारे में मारिन ने कहा, समीक्षा बैठक में सिर्फ पीठ नहीं थपथपाई गई। बात इस पर हुई कि हमने कैसे दूसरा मैच गंवा दिया था। मैने अपनी नाराजगी जाहिर की।

### रायुडू ने हैदराबाद क्रिकेट पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। विश्व कप टीम में न चुने जाने के बाद आनन–फानन में संन्यास लेने वाले अंबाती रायुडू ने हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। रायुडू ने तेलंगाना के मंत्री केटी रामा राव से इस मामले को देखने को कहा है। रायुडू ने ये आरोप अपने उस ऐलान के एक दिन बाद लगाए हैं, जिसमें उन्होंने हैदराबाद के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट से कुछ महीने का ब्रेक लेने की बात कही है। रायुडू ने ट्विटर पर लिखा, श्हलो सर, मैं आपसे हैदराबाद क्रिकेट संघ में चल रहे भ्रष्टाचार को रोकने की अपील करता हूं, जब तक हैदराबाद क्रिकेट टीम में पैसों और भ्रष्ट लोगों का दखल जारी रहेगा तब तक कैसे एक बेहतरीन टीम बन सकती है। रायुडू ने विश्व कप में नहीं चुने जाने के बाद विश्व कप के दौरान ही संन्यास ले लिया था लेकिन बाद में अगस्त में वह संन्यास से बाहर आ गए थे।

### शशि मुकुंद ने पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से नाम वापिस लिया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। युवा शशि कुमार मुकुंद ने पैर की चोट के कारण पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबले से नाम वापिस ले लिया। मुकुंद टीम में रिजर्व खिलाड़ी के तौर पर शामिल थे । उन्हें पुर्तगाल में एक टूर्नामेंट खेलते हुए चोट लगी। भारत के डेविस कप कोच जीशान अली ने कहा ,'' शशि हमारे साथ नहीं जायेगा। उसने बताया कि उसे पूरव राजा के साथ युगल मैच खेलते हुए चोट लगी।'' इससे पहले रोहन बोपन्ना भी कंधे की चोट के कारण पीछे हट गए थे। जीशान ने कहा कि वह एन श्रीराम बालाजी को नूर सुल्तान ले जाना चाहते हैं लेकिन इतने कम समय में वीजा मिलना मुश्किल है। बालाजी को आठ सदस्यीय टीम में शामिल नहीं किया गया था लेकिन वह यहां गुरूवार से शुरू हुए अभ्यास शिविर में टीम के साथ है। कप्तान रोहित राजपाल ने कहा ,'' बाहर होने वाले मुकाबले के लिये अभ्यास के अलग जोड़ीदार होना अच्छा रहता है। मुकुंद का नहीं होना दुर्भाग्यपूर्ण है।''

### नडाल ने स्पेन को डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचाया, सर्बिया बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मैड्रिड। रफेल नडाल ने लगातार दो मैच जीतकर स्पेन को अर्जेंटीना के खिलाफ 2.1 से जीत दिलाकर डेविस कप सेमीफाइनल में पहुंचाया । दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नडाल ने डिएगो श्वार्त्जमैन को 6.1,6.2 से मात दी। इससे पहले गुइडो पेला ने पाब्लो कारेनो को 6.7,7.6,6.1 से हराकर अर्जेंटीना को बढत दिलाई थी। नडाल ने इसके बाद मार्सेल ग्रानोलेर्स के साथ मिलकर मैक्सिमो गोंजालेस और लियोनार्डो मायेर को 6.4,4.6,6.3 से हराया। इस बीच ब्रिटेन ने जर्मनी को 2.0 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। काइल एडमंड ने फिलीप कोलश्रेइबर को 6.3,7.5 से शिकस्त दी ।

# मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलने के लिए पंत, गिल टेस्ट टीम से रिलीज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय चयन समिति ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत और शुभमन गिल को रिलीज करने का फैसला किया है। अगले महीने भारत और वेस्ट इंडीज के बीच सीमित ओवरों की सीरीज होनी है जिससे पहले इन दोनों को घरेलू क्रिकेट में खेलने का मौका देने के लिए ऐसा किया गया। आंध्र के विकेटकीपर कोना श्रीकर भरत को बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे और अंतिम टेस्ट के शेष समय के लिए ऋद्धिमान साहा के कवर के रूप में टीम में शामिल किया गया है।

बीसीसीआई के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा,



ऋषभ वेस्ट इंडीज के खिलाफ सभी छह मैच (3 टी 20 और 3 एकदिवसीय) खेलेंगे। चयनकर्ताओं का मानना है कि वह इससे पहले दिल्ली के लिए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेलें।

**2 सुपर लीग मैचों के लिए पंत उपलब्धः** ऋषभ अब दिल्ली के अगले दो सुपर लीग मैचों में खेलने के लिए उपलब्ध होंगे। दिल्ली को हरियाणा के खिलाफ 24 नवंबर को और राजस्थान से 27 नवंबर को खेलना है। दूसरी ओर शुभमन अगले दो सुपर लीग मैचों में पजाब के लिए खेलेंगे। पंजाब को 24 नवंबर को कर्नाटक से और 25 नवंबर को तमिलनाडु से खेलना है।

**ट्रिपल सेंचुरी जड़ चुके हैं भरत** इंडिया ए के लिए खेलने वाले भरत का पिछले दो सत्रों के दौरान अच्छा प्रदर्शन रहा है। उन्होंने 69 प्रथम श्रेणी मैचों में आठ शतक और 20 अर्धशतकों के साथ कुल 3909 रन बनाए हैं जिसमें एक तिहरा शतक भी शामिल है।

**पिंक बहल से खेल चुके हैं भरत** भरत ने कहा, मैंने लखनऊ में पहला गुलाबी गेंद मैच खेला था, जब 2015 में इसे दलीप ट्रॉफी में पेश किया गया था।

## सीजीएफ की आईएसएसएफ से बैठक का इंतजार करेगा आईओए

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने शनिवार को कहा कि आईओए के 2022 राष्ट्रमंडल खेलों से हटने के प्रस्ताव को कार्यकारी परिषद की मंजूरी के लिये नहीं रखा गया क्योंकि इसके लिये वह सीजीएफ और आईएसएसएफ के शीर्ष अधिकारियों के बीच होने वाली अहम बैठक का इंतजार करेंगे। बत्रा ने जुलाई में बर्मिंघम खेलों का बहिष्कार करने का प्रस्ताव दिया था क्योंकि इसके कार्यक्रम से निशानेबाजी को हटा दिया गया है। इस महीने के शुरू में बत्रा ने राष्ट्रमंडल खेल महासंघ (सीजीएफ) के अधिकारियों के दौरे पर बैठक भी की थी।

बत्रा ने कहा कि कार्यकारी परिषद और आईओए की आम सभा इस मामले पर फैसला करेंगे। कार्यकारी परिषद की आज बैठक हुई। बत्रा ने कहा कि आईओए सीजीएफ के शीर्ष अधिकारियों और अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी संस्था (आईएसएसएफ) के बीच अगले महीने म्यूनिख में होने वाली बैठक का इंतजार करने के बाद फैसला लेंगे। बत्रा ने यहां कार्यकारी परिषद की बैठक के बाद कहा, ''सीजीएफ अधिकारी सात दिसंबर को म्यूनिख में आईएसएसएफ अधिकारियों से मिलेंगे। हम सीजीएफ के जवाब के बाद ही फैसला करेंगे। '